गढ़वाल विवि के 23 छात्रों ने किया गेट 2025 क्वालीफाई

23 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर गढ़वाल विश्वविद्यालय का नाम किया रोशन

वैष्णवी सेमवाल

अमर हिन्दुस्तान

श्रीनगर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवाया है। प्रतिष्ठित ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग गेट 2025 परीक्षा के घोषित परिणामों में विश्वविद्यालय के 23 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल कर गढ़वाल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विभिन्न विभागों से परीक्षा में शामिल हुए इन छात्र-छात्राओं में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से सबसे अधिक 15 छात्र-छात्राओं ने गेट परीक्षा क्वालीफाई की। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से चार इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग से दो इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और मैकेनिकल

सुशील महर

इंजीनियरिंग से एक-एक छात्र-छात्रा ने गेट क्वालीफाई कर संस्थान का मान बढ़ाया हैइस परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र हरिकेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 719 ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। वहीं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के सुशील मेहर ने 2713 और वैष्णवी सेमवाल ने 4259 रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।इस मौके पर स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक समेत सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि गेट जैसी कठिन परीक्षा में बड़ी संख्या में सफलता प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ-साथ छात्रों को प्रतिस्पर्धी माहौल में तैयार कर रहा है। गौरतलब है कि गेट परीक्षा, देश की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल है. जिसके माध्यम से देश के प्रमुख आईआईटी, एनआईटी सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों में स्नातकोत्तर में प्रवेश मिलता है।

हरिकेश कुमार

गेट परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है. प्रोफेसर रौथाण ने विश्वास जताया कि भविष्य में भी विश्वविद्यालय के छात्र इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहेंगे और विश्वविद्यालय तथा उत्तराखंड का नाम देशभर में रोशन करेंगे।

प्रोफेसर एमएमएस रौथाण
कुलपति
विश्वविद्यालय